3/यो0स०क०-33/2022 07

**बिहार सरकार**
**समाज कल्याण विभाग**

पत्र संख्या-

**स्वीकृत्यादेश**
**(संख्या /2024-25)**

प्रेषक,

**नवीन कुमार सिंह,** (भा०प्र०से०),
अपर सचिव,

सेवा में,

**महालेखाकार,**
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक - 8-1-2025

**विषय:-** **वितीय वर्ष 2024-25 में "सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0" के अन्तर्गत पूरक पोषाहार योजना हेतु केन्द्रांश मद में रू० 37923.24 लाख तथा राज्यांश मद में रू. 34231.42 लाख अर्थात कुल रू० 72154.66 लाख (रू. सात सौ इक्कीस करोड़ चौवन लाख छासठ हजार) मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि समाज कल्याण विभाग के संकल्प ज्ञापांक-1062 दिनांक 07.03.23 से **"सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0"** योजना के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई है तथा ज्ञापांक-5724 दिनांक 27.11.2017 द्वारा राज्य में बच्चों, किशोरियों, महिलाओं, धातृ महिलाओं में कुपोषणता को दूर करने हेतु विभिन्न अवयवों के लिए समेकित बाल विकास छत्र योजना कार्यान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में के अन्तर्गत एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस) (सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0) अन्तर्गत पूरक पोषाहार योजना के संचालनार्थ कुल रू. 167644.71 लाख (रू. सोलह सौ छियत्तर करोड़ चौवालीस लाख एकहत्तर हजार) मात्र के व्यय की स्वीकृति विभागीय पत्रांक 19 दिनांक 08.04.2024 द्वारा तथा प्रथम अनुपूरक से प्राप्त राज्यांश मद में कुल रू. 46694.24 लाख (रू. चार सौ छियासठ करोड़ चौरानवे लाख चौबीस हजार) मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति विभागीय पत्रांक 80 दिनांक 28.08.2024 द्वारा प्रदान की गई है। अतिरिक्त राशि की आवश्यकता के आलोक में द्वितीय अनुपूरक से प्राप्त केन्द्रांश मद में रू० 37923.24 लाख तथा राज्यांश मद में रू. 34231.42 लाख अर्थात कुल रू० 72154.66 लाख (रू. सात सौ इक्कीस करोड़ चौवन लाख छासठ हजार) मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति निम्न प्रकार दी जाती है :-

(राशि लाख में)

| क्र. | योजना का नाम | केन्द्रांश/ राज्यांश का अनुपात | PFMS Code | विपत्र कोड | विषय शीर्ष | पूर्व में स्वीकृत राशि | अतिरिक्त स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस) (सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0) (पूरक पोषाहार योजना) (राज्यांश-सामान्य) | 50:50 | 3975 (BR188) | 51-2236021010303 | 0303.21.03 | 46694.25 | 34231.42 |
| 2 | एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस) (सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0) (पूरक पोषाहार योजना) (केन्द्रांश-सामान्य) | | | 51-2236021010203 | 0203.21.03 | 63763.15 | 37923.24 |
| | **योग :- (रू. सात सौ इक्कीस करोड़ चौवन लाख छासठ हजार ) मात्र** | | | | | | **72154.66** |

**2.** स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्ययन हेतु आईसीडीएस निदेशालय (मुख्यालय) स्तर पर लेखा पदाधिकारी, आईसीडीएस निदेशालय, जिला स्तर पर सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं परियोजना स्तर पर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित हैं।

**3.** उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध CFMS में प्राप्त राशि के आधार पर ही आई.सी.डी.एस. निदेशालय द्वारा निर्गत आवंटनादेश से राशि की निकासी एवं व्ययन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

**4.** राशि की निकासी एवं व्ययन वित्त विभाग के पत्रांक **214/**वि० दिनांक 06.03.2024, 3576/वि0 दिनांक 01.04.24, **478/**वि० दिनांक 06.08.2024, **730/**वि० दिनांक 09.12.2024 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों / परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

**5.** स्वीकृत्यादेश पर संचिका संख्या-3/यो0स०क०-33/2022 के टिप्पणी पृष्ट संख्या 15/टि0 पर दिनांक 13.12.2024 को सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

**6.** यह स्वीकृत्यादेश संचिका संख्या-3/यो0स०क०-33/2022 के टिप्पणी पृष्ट संख्या 20/टि0 पर दिनांक-08.01.2025 को अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग के अनुमोदनोपरान्त निर्गत की जा रही है।

**7.** यह चालू योजना है। अत: महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

8/01/25

अपर सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-33/2022 07 पटना, दिनांक- 8-1-2025

**प्रतिलिपि** - महालेखाकार (लेखा परीक्षा) बिहार, पटना/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/संयुक्त सचिव, वित्त विभाग (बजट शाखा)/ निदेशक आई.सी.डी.एस./सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/ विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग (बजट शाखा)/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 निदेशालय/सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी/सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/01/25

अपर सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-33/2022 07 पटना, दिनांक- 8-1-2025

**प्रतिलिपि** - कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, पटना/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी/ सभी उप कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/01/25

अपर सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-33/2022 07 पटना, दिनांक- 8-1-2025

**प्रतिलिपि** –विभागीय आई०टी० मैनेजर, को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त स्वीकृत्यादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

8/01/25

अपर सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-33/2022 07 पटना, दिनांक- 8-1-2025

**प्रतिलिपि** –अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

8/01/25

अपर सचिव,
समाज कल्याण विभाग।